# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## अभ्यास-पत्र-2 (सत्र: 2023-24)

कक्षा: XII — विषय: राजनीति विज्ञान (028)

अवधि: 3 घंटे — अधिकतम अंक: 80

सामान्य निर्देश:

1. इस प्रश्न पत्र में 5 खंड (खंडA,B,C,D और E) तथा कुल 30 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रश्न संख्या1-12 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं प्रत्येक 1 अंक का है।
4. प्रश्न संख्या 13-18 प्रत्येक 2 अंक के प्रश्न हैं इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50-60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. प्रश्न संख्या 19-23 प्रत्येक 4 अंक के प्रश्न हैं इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100-120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6. प्रश्न संख्या 24-26 गद्यांश,कार्टून और मानचित्र आधारित प्रश्न हैं । तदनुसार इनके उत्तर दीजिए।
7. प्रश्न संख्या 27-30 प्रत्येक 6 अंक के प्रश्न हैं इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 170-180 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
8. 6 अंक वाले प्रश्नों में आंतरिक विकल्प उपलब्ध हैं।

खंड -ए(12 अंक)

1. निम्नलिखित घटनाओं को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प चुनिए: 1

(i) संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना

(ii) सोवियत संघ का पतन

(iii) द्वितीय विश्व युद्ध आरम्भ

(iv) रूसी क्रांति

कोड—

a) (ii),(i),(iii),(iv)

b) (iv),(ii),(iii),(i)

DoE, Delhi

c) (ii),(iv),(iii),(i)

d) (iv),(iii),(i),(ii)

2. संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्तमान महासचिव किस देश के मूल निवासी हैं? 1

a) फ्रांस

b) घाना

c) तुर्की

d) पुर्तगाल

3. परमाणु अप्रसार संधि (NPT-1968) के अनुसार जिन देशों ने .......................... से पहले परमाणु हथियारों का परीक्षण और निर्माण किया था, उन्हें अपने हथियार रखने की अनुमति दी गई थी। 1

a) 1962

b) 1965

c) 1967

d) 1969

4. निम्नलिखित प्रश्न में, कथन (A) के बाद कारण (R) का कथन आता है। उत्तर के रूप में उचित विकल्प चुनिए: 1

अभिकथन (A): दुनिया के अधिकांश हथियार उत्तरी गोलार्ध के देशों (ग्लोबल नार्थ) के पास केंद्रित हैं।

कारण (R): ये देश विश्व के सबसे अमीर और प्रभावशाली क्षेत्र हैं।

a) अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।

b) अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।

c) अभिकथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

d) अभिकथन सही है, लेकिन कारण गलत है।

DoE, Delhi

5. ................ ऐसी राजनीतिक हिंसा को संदर्भित करता है जो जानबूझकर और बिना किसी मुरौवत के नागरिकों को निशाना बनाती है। 1

a) बहुलवाद

b) आतंकवाद

c) क्षेत्रवाद

d) जातिवाद

6. 11 सितंबर 2001 को किस आतंकवादी संगठन ने अमेरिका पर हमला किया था? 1

a) हमास

b) जैश ए मोहम्मद

c) अल कायदा

d) लश्कर ए तैयबा

7. सूची । को सूची ॥ से मिलाइए और उत्तर का सर्वोत्तम कोड चुनिए— 1

| सूची । | सूची ॥ |
|---|---|
| A. भारत-चीन युद्ध के दौरान भारतीय रक्षा मंत्री | (i) 1971 |
| B. गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापक नेता | (ii) 1954 |
| C. बांग्लादेश युद्ध का वर्ष | (iii) वी.के.कृष्णामेनन |
| D. पंचशील समझौते का वर्ष | (iv) जवाहरलाल नेहरू |

कोड:

a) A-(iii),B-(i),C(ii),D-(iv)

b) A-(iii),B-(iv),C-(i),D-(ii)

c) A-(ii),B-(i),C-(iii),D-(iv)

d) A-(iv),B-(ii),C(i),D-(iii)

DoE, Delhi

8. 1972 में शिमला समझौते पर किन दो नेताओं ने हस्ताक्षर किये थे? 1

a) जवाहरलाल नेहरू और जनरल अयूब खान

b) इंदिरा गांधी और जनरल अयूब खान

c) इंदिरा गांधी और जुल्फिकार अली भुट्टो

d) जवाहरलाल नेहरू और चाउ-एन-लाई

9. 1989 की राष्ट्रीय मोर्चा सरकार किस चर्चित मुद्दे को लेकर दैनिक समाचारों में आई थी? 1

a) मंदिर मुद्दा

b) मंडल मुद्दा

c) रथयात्रा मुद्दा

d) मस्जिद मुद्दा

10. भारत की नई आर्थिक नीति लागू होने के समय भारत के प्रधान मंत्री कौन थे? 1

a) मनमोहन सिंह

b) पी.वी.नरसिम्हा राव

c) अटल बिहारी वाजपेई

d) चन्द्रशेखर

11. निम्नलिखित प्रश्न में, अभिकथन(A) के बाद कारण (R) का कथन है। उत्तर के रूप में उचित विकल्प चुनिए : 1

अभिकथन (A): 1989 के चुनावों के साथ, भारत में गठबंधन राजनीति का एक लंबा चरण शुरू हुआ।

कारण (R): तब से, केंद्र में ग्यारह सरकारें रही, जिनमें से सभी या तो गठबंधन सरकारें थीं या अन्य दलों द्वारा समर्थित अल्पमत सरकारें थीं, जो सरकार में शामिल नहीं हुईं।

a) अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।

b) अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।

DoE, Delhi

c) अभिकथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

d) अभिकथन सही है, लेकिन कारण गलत है।

12. वर्ष 2004 में किस गठबंधन सरकार का गठन हुआ था? 1

a) एनडीए

b) जनता पार्टी

c) संयुक्त मोर्चा

d) यूपीए

## खंड-बी (12 अंक)

13. दक्षिण कोरिया की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए जो इसे सत्ता का समकालीन केंद्र साबित करती हैं? 2

14. 'साफ्टा' SAFTA) क्या है संक्षेप में बताइये। 2

15. 'सुरक्षा' की अवधारणा क्या है? वर्णन कीजिए। 2

16. प्रथम पंचवर्षीय योजना की कोई दो विशेषताएँ बताइये? 2

17. भारत की विदेश नीति की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ? 2

18. 1962 के भारत-चीन युद्ध के किन्हीं दो प्रभावों की व्याख्या कीजिए। 2

## खंड-सी (20 अंक)

19. नेपाल में राजशाही से लोकतंत्र तक की यात्रा का वर्णन कीजिए? 4

20. एकध्रुवीय विश्व के समय संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) की भूमिका का वर्णन कीजिए? 4

21. वैश्वीकरण के राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक परिणामों को संक्षेप में समझाइए। 4

22. "गुजरात और बिहार आंदोलन भारतीय राजनीति में मील का पत्थर थे।" कथन के आलोक में स्पष्ट कीजिए। 4

DoE, Delhi

अथवा

"1975 में आपातकाल की घोषणा कोई नपा-तुला कदम नहीं था।" आपातकाल के प्रभावों के साथ कथन की व्याख्या कीजिए।

23. "1989 के बाद की अवधि को कभी-कभी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की जटिल प्रकृति की अवधि के रूप में देखा जाता है" उस काल के दो मुख्य राजनीतिक दलों के चुनाव परिणामों के तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

1989 के बाद भारतीय राजनीति के किन्हीं तीन प्रमुख राजनीतिक मुद्दों के बारे में वर्णन कीजिए?

## खंड -डी (12अंक)

24. नीचे दिए गए स्रोत को पढ़कर उसके बाद आने वाले प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4x1=4

1970 के दशक में चीनी नेतृत्व ने प्रमुख नीतिगत निर्णय लिये। 1972 में संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संबंधों की स्थापना के साथ चीन ने अपने राजनीतिक और आर्थिक अलगाव को समाप्त कर दिया। प्रीमियर चाउ-एन-लाई ने 1973 में 'चार आधुनिकीकरण' (कृषि, उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा सैन्य) का प्रस्ताव रखा। 1978 तक, तत्कालीन नेता डेंग जियाओपिंग ने चीन में 'खुले द्वार' की नीति और आर्थिक सुधारों की घोषणा की। यह नीति विदेशों से पूंजी और प्रौद्योगिकी के निवेश द्वारा उच्च उत्पादकता उत्पन्न करने की थी। चीन ने बाजार अर्थव्यवस्था शुरू करने में अपना रास्ता अपनाया। चीनियों ने 'शॉक थेरेपी' नहीं अपनाई बल्कि धीरे-धीरे अपनी अर्थव्यवस्था खोली। 1982 में कृषि के निजीकरण के बाद 1998 में उद्योगों का निजीकरण किया गया। व्यापार बाधाओं को केवल विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में समाहित किया गया जहां विदेशी निवेशक उद्यम स्थापित कर सकते थे। चीन में, राज्य ने बाजार अर्थव्यवस्था स्थापित करने में केंद्रीय भूमिका निभाई और निभा रहा है।

24.1. 1978 तक चीन में निम्नलिखित में से कौन सी नीति अपनाई गई थी?

a) बंद द्वार की नीति

b) खुले द्वार की नीति

c) तंग द्वार की नीति

DoE-Delhi

d) सख्त द्वार की नीति

24.2 चीन में खुले द्वार की नीति की घोषणा....................ने की।

a) झोउ एनलाई

b) डेंग जियाओपिंग

c) माओ त्से तुंग

d) ली क्वांग

24.3 निम्नलिखित में से कौन विश्व की एक महाशक्ति है?

a) अर्जेंटीना

b) ब्राज़ील

c) चीन

d) भारत

24.4 1972 में चीन ने किस देश के साथ अपना राजनीतिक और आर्थिक अलगाव समाप्त किया?

a) भारत

b) अमेरिका

c) फ्रांस

d) रूस

25) भारत के दिए गए रूपरेखा राजनीतिक मानचित्र में, चार राज्यों को (A), (B), (C) और (D) के रूप में चिह्नित किया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों को पहचानें और उनके सही नाम अपनी उत्तर पुस्तिका में संबंधित क्रम संख्या और संबंधित अक्षरों के साथ निम्न प्रारूप के अनुसार लिखिए: 4x1=4

(i) जवाहरलाल नेहरू का गृह राज्य


(ii) राज्य जहाँ 1957 में लोकतांत्रिक वाम मोर्चे की सरकार थी

DoE, Delhi

(iii) महात्मा गांधी का जन्म स्थल वाला राज्य

(iv) भारत के प्रथम स्वास्थ्य मंत्री से संबंधित राज्य

DoE, Delhi



भारत– राजनैतिक
INDIA-POLITICAL
68°
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96°
36°
32°
28°
24°
23½
20°
16°
12°
8°
A
B
C
D
Tropic of cancer
Scale
1cm=175 Kms (approx)

| क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

नोट : प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर निम्नलिखित प्रश्न दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए हैं ।

निम्नलिखित का नाम बताइए :

(i) जवाहरलाल नेहरू का गृह राज्य

(ii) राज्य जिसमें 1957 में लोकतांत्रिक वाम मोर्चे की सरकार थी

(iii) महात्मा गांधी के जन्म स्थल वाला राज्य

(iv)भारत के प्रथम स्वास्थ्य मंत्री से संबंधित राज्य

26. नीचे दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए और उसके आधार पर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- -

DoE, Delhi




"The Grand Finish" is how a cartoonist interpreted the outcome of the 1971 elections. Players on the ground are the then leading opposition figures.

1) इस कार्टून में भारत के किस प्रधानमंत्री की जीत का वर्णन किया गया है? 1

2) कार्टून में दिखाए गए विपक्ष के किसी एक नेता को पहचान कर उनका नाम लिखिए? 1

3) इस चुनाव में श्रीमती इंदिरा गांधी की भूमिका के बारे में इस कार्टून में क्या दर्शाया गया है? 2

नोट: प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर निम्नलिखित प्रश्न दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए हैं। निम्नलिखित के नाम बताइए- 4x1=4

1)1971 के चुनाव में भारत के प्रधान मंत्री कौन बने?

2)1971 के चुनाव में विपक्ष के किसी एक नेता का नाम बताइए ?

3) इस चुनाव में श्रीमती इंदिरा गांधी की क्या भूमिका थी?

4) 1971 के दौरान भारत के राष्ट्रपति कौन थे?

## खंड-ई (24अंक)

27.किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए जो सोवियत अर्थव्यवस्था को अमेरिका जैसी पूंजीवादी अर्थवयवस्था से अलग करती हैं? 6

अथवा

“द्वितीय विश्व के विघटन के बाद अब भारत को अपनी विदेश नीति बदलनी चाहिए और अमेरिका के साथ दोस्ती पर अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए” कथन का मूल्यांकन कीजिए ।

28. 'साझी परन्तु अलग-अलग जिम्मेदारियाँ' शब्द की व्याख्या कीजिए? 6

अथवा

‘संसाधनों की भू-राजनीति’ क्या है? विस्तार से वर्णन कीजिए

29. स्वतंत्र भारत के लिए तीन प्रमुख चुनौतियाँ क्या थीं? संक्षेप में वर्णन कीजिए । 6

अथवा

स्वतंत्रता के बाद भारत में रियासतों के एकीकरण की समस्या का किन्हीं तीन रियासतों के उदाहरणों सहित संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

30. "जम्मू-कश्मीर के लोगों की क्षेत्रीय आकांक्षाएं और मुद्दे आजादी के तुरंत बाद से हैं।"आज़ादी के बाद से इस क्षेत्र के मुद्दों के विकास का वर्णन कीजिए । 6

अथवा

"भारत में समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रीय आकांक्षाओं को समायोजित किया गया और राष्ट्रीय एकता बहाल की गई"। उपयुक्त उदाहरण देकर कथन का विश्लेषण कीजिए ।

DoE, Delhi